PRINT

# हिंदुस्तान (Hindustan)

| National News Paper | Edition : Delhi | Circulation: 196800 |
|---|---|---|
| दिनांक (Dated): 23.6 .2026 | पृष्ठ सं. (Page No.) 5 | क्रम सं. (Serial No.) |

# सीआईएसएफ मुख्यालय के भवन की आधारशिला रखी

- केंद्रीय गृहराज्यमंत्री ने किया शिलान्यास
- करीब 75.78 करोड़ रुपये की लागत आएगी

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री बंडी संजय कुमार ने सोमवार को नई दिल्ली के सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के नए मुख्यालय भवन का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर उन्होंने सीआईएसएफ की परिचालन और प्रशिक्षण क्षमताओं को मजबूत करने वाली 136.03 करोड़ रुपये की विभिन्न अवसंरचना परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन कुमार डेका, सीआईएसएफ महानिदेशक प्रवीर रंजन, विभिन्न केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के वरिष्ठ अधिकारी तथा सीपीडब्ल्यूडी और एसबीआई के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सीपीडब्ल्यूडी द्वारा नौ मंजिला अत्याधुनिक मुख्यालय का निर्माण करीब 75.78 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा।

गृह राज्य मंत्री ने हैदराबाद और तमिलनाडु में बनी तीन परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया।

कार्यक्रम के दौरान व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना के तहत दिवंगत सीआईएसएफ कर्मियों के परिजनों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इसके अलावा 'संरक्षिका' और भारतीय स्टेट बैंक की संयुक्त पहल के तहत दिव्यांग आश्रित बच्चों को विशेष मोटर चालित व्हीलचेयर भी प्रदान की गईं।

सीआईएसएफ महानिदेशक प्रवीर रंजन ने बताया कि जम्मू-कश्मीर की उच्च सुरक्षा जेलों की जिम्मेदारी भी सीआईएसएफ को दी गई है। उन्होंने बताया कि गृह मंत्रालय ने हरियाणा के नूंह में 1,024 कर्मियों वाली पहली पूर्ण महिला सीआईएसएफ रिजर्व बटालियन के गठन को मंजूरी दी है, जो बल में महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।